## राज्यपाल सचिवालय,
## राजभवन, जयपुर

क्रमांकः प.19(10)राभ / स्टोर / 2017 / II /                दिनांकः      जनवरी, 2019

**सीमित निविदा विज्ञप्ति**

राजभवन जयपुर के वर्दीधारी कर्मचारियों की शरदकालीन वर्दी सिलाई की दरों हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती हैं, जो दिनांक 28.01.2019 दोपहर 01.00 बजे तक आवश्यक दस्तावेजों के साथ बंद लिफाफे में कन्ट्रोलर, राज्यपाल हाउसहोल्ड, राजभवन, जयपुर के नाम प्रस्तुत की जा सकती है। प्राप्त निविदा दिनांक 28.01.2019 को दोपहर 3.C0 बजे राजभवन कार्यालय में खोली जावेगी। कार्य की अनुमानित लागत राशि रूपये 70000 / —सत्तर हजार (सभी करों सहित) होगी।

इच्छुक फर्मे दिनांक 23.01.19 प्रातः 11.00 बजे से बोली दस्तावेज प्रपत्र राजभवन कार्यालय से प्राप्त कर सकते हैं अथवा राजभवन की साईट **www.rajbhawan.rajasthan.gov.in** तथा राज्य सरकार के स्टेट पोर्टल **http://sppp.rajasthan.gov.in** से डाउनलोड कर सकते हैं।

कन्ट्रोलर,
राज्यपाल, हाउसहोल्ड
राजभवन, जयपुर

संलग्नः उपरोक्तानुसार

क्रमांकः प.19(10 )राभ / स्टोर / 2017 / II / 720                दिनांकः 23 जनवरी, 2019

प्रतिलिपिः— निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः—

1. श्रीमान् वित्तीय सलाहकार ,राज्यपाल सचिवालय ,राजभवन, जयपुर।
2. श्री विजय सिंह प्रोग्रामर ,राज्यपाल सचिवालय ,राजभवन, को राजभवन की साईट **www.rajbhawan.rajasthan.gov.in** तथा राज्य सरकार के स्टेट पोर्टल **http://sppp.rajasthan.gov.in** पर तुरन्त अपलोड कराने हेतु।
3. नोटिस बोर्ड ,कार्यालय
4. रक्षित पत्रावली

कन्ट्रोलर,
राज्यपाल, हाउसहोल्ड
राजभवन, जयपुर

# राज्यपाल सचिवालय
## राजभवन, जयपुर

सचिव,
राज्यपाल, राजस्थान
राजभवन, जयपुर

दिनांकः

**विषयः राजभवन जयपुर के वर्दीधारी कर्मचारियों की शरदकालीन वर्दी सिलाई की दरों बाबत।**

1. फर्म का नाम व डाक का पता, टेलीफोन/मोबाईल नम्बर सहित ......................................
   ..........................................................................................................................................
2. सन्दर्भ ..............................................................................................................................
3. राज्य सरकार के सम्बन्धित विभाग से वस्तु एवं सेवा आदि का व्यवसाय करने हेतु पंजीयन प्रमाण पत्र की स्वयं द्वारा प्रमाणित प्रति।
4. फर्म का सम्बन्धित वस्तु एवं सेवा आदि का मुख्य रूप से वर्तमान में व्यवसाय करने हेतु प्रमाण पत्र की स्वयं द्वारा प्रमाणित प्रति।
5. आयकर स्थाई खाता संख्या (PAN) की प्रमाणित प्रति संलग्न है।
6. सचिव, राज्यपाल राजस्थान द्वारा जारी की गई सीमित निविदा में वर्णित सभी शर्तो से तथा संलग्न पृष्ठों में दी गई, उक्त निविदा सूचना की अतिरिक्त शर्तो से बाध्यता स्वीकार करते है।
7. राजभवन जयपुर के वर्दीधारी कर्मचारियों की ग्रीष्मकालीन वर्दी सिलाई की दरें प्रदाय करने हेतु दरें संलग्न प्रारूप में दी गई हैं।
8. जी.एस.टी. नम्बर ............................

बिडदाता के हस्ताक्षर मय सील

| लेखाधिकारी | कन्ट्रोलर | सहायक सचिव |
|---|---|---|

# राज्यपाल सचिवालय
# राजभवन, जयपुर

## आवश्यक शर्ते

1. राजस्थान लोक उपापन के पारदर्शिता अधिनियम 2012 व नियम 2013 जिसे आगे 'अधिनियम' एवं 'नियम' कहा गया है तथा सामान्य वित्तीय एवं लेखा नियम एवं इससे संबंधित वित्त विभाग द्वारा जारी अधिसूचना, परिपत्र, गाईडलाईन, आदेश, निर्देश आदि प्रभावी रहेंगे। बोलीदाता को 'नियम' एवं 'अधिनियम' की पूर्ण जानकारी कर लेनी चाहिये। बोली दस्तावेज तथा उपर्युक्त 'अधिनियम' 'नियम' में किसी भी प्रकार की विसंगति होने पर उक्त 'अधिनियम' एवं 'नियम' के प्रावधान ही प्रभावी होंगे।
2. कार्य की संख्या/मात्रा में कमी/वृद्धि की जा सकती है। किसी न्यूनतम संख्या/मात्रा की गारंटी नहीं दी जायेगी एवं उपाप्त संख्या/मात्रा में कमी या उपाप्त नहीं करने की स्थिति में निविदादाता किसी भी दावे या प्रतिकार का हकदार नहीं होगा। कार्य की मात्रा में वृद्धि होने पर अनुबंधित निविदादाता द्वारा बोली की शर्त, निबंधन एवं दर आदेशित समय एवं स्थान पर उपलब्ध करानी होगी।
3. अनुबंधित/आदेशित निविदादाता द्वारा दर संविदा चालू रहने के दौरान किसी भी समय राज्य में किसी को दर संविदा कीमत से कम दर कार्य की कीमत कोट करता/कम करता है तो उस दर संविदा के अधीन कार्य की कीमत कम करने/कोट करने की तिथि से स्वतः कम हो जायेगी और दर संविदा तद्नुसार संशोधित की जावेगी।
4. बोलीदादाता अपनी संविदा को या उसके किसी सारवान भाग को किसी अन्य ऐजेन्सी के लिये नहीं सौंपेगा या भाडे (Sub Set) पर नहीं देगा।
5. मूल्यांकन की कसौटीः— बोली में सफल बोलीदाता/संवेदक की न्यूनतम कीमत के आधार पर मूल्यांकन किया जावेगा।
6. राजभवन जयपुर के वर्दीधारी कर्मचारियों की शरदकालीन वर्दी सिलाई की दरों हेतू अनुमानित मूल्य रू. 70000/—सत्तर हजार(सभी करों सहित) हेतु आमंत्रित की गई है। दर अनुबंध की अवधि एक वर्ष होगी।
7. निविदा दिनांक 28.01.2019 दोपहर 01.00 बजे तक मोहर बन्द लिफाफे मे राज्यपाल सचिवालय में प्रस्तुत करनी होगी।
8. प्राप्त निविदाऐ दिनांक 28.01.2019 को अपरान्ह 03.00 बजे उपस्थित निविदाताओं के समक्ष गठित विभागीय उपापन समिति द्वारा खोली जावेगी।
9. निविदादाता को अपनी दरे संलग्न सूची अनूसार ही प्रस्तुत करनी होगी।
10. राजभवन जयपुर के वर्दीधारी कर्मचारियों की शरदकालीन वर्दी सिलाई की दरे एफ.ओ.आर. राज्यपाल सचिवालय, राजभवन, जयपुर होगी तथा अग्रिम भुगतान की कोई शर्त मान्य नहीं होगी।
11. निविदादाता लिफाफे पर "वर्दीधारी कर्मचारियों की शरदकालीन वर्दी सिलाई दरों हेतु" अवश्य अंकित करेगा।
12. निविदादाता को अपने कार्यालय/ निवास के दूरभाष नम्बर निविदा मे देने होंगे, ताकि आवश्यक परिस्थितियों में दूरभाष पर सम्पर्क किया जा सके।
13. निविदा दरों में कांट —छांट नहीं की जावें।
14. निविदा दरे पैन से भरी होनी चाहिये। पैसिल से भरी गयी निविदा को रद्द कर दिया जावेगा।
15. निविदा फार्म के प्रत्येक पृष्ठ पर निविदादाता द्वारा हस्ताक्षर किये जावे।
16. सिलाई कार्य में कोई शिकायत होने पर उपापन समिति द्वारा निर्धारित शास्ति 5% से 30% तक हो सकती है,लगाई जा सकती है।
17. आदेशित कार्य आदेश दिनांक के 30 दिवस में करना होगा। विलम्ब हेतु नियमानुसार शास्ती लगाई जा सकेगी।
18. निविदा स्वीकृति एवं अस्वीकृति के सम्बन्ध में सचिव, राज्यपाल, राजस्थान जयपुर का निर्णय अन्तिम व बाध्यकारी होगा।

19. वर्दियों में अशोक चिन्ह युक्त बटन लगाने होंगे, जिसका नमूना कार्यालय में उपस्थित होकर देखा जा सकता है।
20. सभी वर्दियों पर एम्ब्रॉयडरी से सिलाई का वर्ष अंकित करना होगा।
21. सभी वर्दीयों में प्रॉपर इन्टरलोकिंग एंव कॉज बटन की क्वालिटी उत्तम होनी चाहिये।
22. वर्दी में प्रयुक्त सामग्री यथा धागे, जिप, फिलिंग, पैड इत्यादि उत्तम क्वालिटी की होनी चाहिये।
23. सभी कार्मिकों का नाप कार्यालय समय में उपस्थित होकर लिया जायेगा एंव नाप के अनुरुप फिटींग दिया जाना सुनिश्चित किया जायेगा। इस हेतू कच्ची सिलाई उपरान्त ट्रायल कराया जाना है। प्रत्येक कार्मिक का नाप लेते समय मेजरमैन्ट बुक पर उसके हस्ताक्षर कराये जावें एंव बिल के साथ मेजरमैन्ट बुक की प्रति प्रस्तुत की जानी आवश्यक है।
24. प्रयुक्त अस्तर की क्वालिटी उत्तम होनी चाहिये। वर्दी में प्रयुक्त सामग्री की गुणवत्ता ऐसी होनी चाहिये कि वर्दी की वाशिंग के उपरान्त सिकुड़ कर खराब नहीं होनी चाहिये।

बिडदाता के हस्ताक्षर मय सील

लेखाधिकारी

कन्ट्रोलर

सहायक सचिव

राज्यपाल सचिवालय,
राजभवन, जयपुर

**सीमित निविदा प्रपत्र**

**शरदकालीन वर्दी सिलाई**
**(वर्ष 2018–19)**

बोलीदाता का नामः–.................................................................................

पताः–.................................................................................................................

| क्र.सं | आईटम्स का विवरण | सिलाई की दरें मय अस्तर कपडा एंव अन्य सामग्री व समस्त करों सहित (रूपए में) |
|---|---|---|
| 1 | **शरदकालीन वर्दी**<br>जोधपुरी सूट (ऊनी कपड़ा)<br>(कोट, पेन्ट, अशोक चिन्ह युक्त बटन मय पोलिस्टर अस्तर) | |
| 2 | शेरवानी मय अचकन अशोक चिन्ह युक्त बटन एवं अस्तर सहित | |

**नोटः–कपडे एंव वर्दियों की मात्रा राजभवन स्टोर अनुभाग द्वारा उपलब्ध करा दी जावेगी।**

बिडदाता के हस्ताक्षर मय सील

लेखाधिकारी    कन्ट्रोलर    सहायक सचिव